बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

आदेश

संख्या–अ०स०क०–01–35 / 2025.....665..... / दिनांक:– ...05/10/26.....

प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम लि०, पटना का पत्रांक–3871 दिनांक–11.11.2022 के प्रसंग में विभागीय पत्रांक–3345 दिनांक–29.11.2022 द्वारा श्री सुनील कुमार सिंह, निम्नवर्गीय लिपिक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, किशनगंज को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही आरम्भ किये जाने हेतु जिला पदाधिकारी, किशनगंज से अनुरोध किया गया। उक्त पत्र के आलोक में जिला पदाधिकारी, किशनगंज के आदेश ज्ञापांक–221 दिनांक–05.04.2023 द्वारा श्री सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही संचालन हेतु संचालन पदाधिकारी एवं उपस्थापन पदाधिकारी नामित किया गया।

2. श्री सुनील कुमार सिंह (निलंबित), निम्नवर्गीय लिपिक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, किशनगंज द्वारा समर्पित अभ्यावेदन तथा दिनांक–05.04.2023 से लगातार निलंबित रहने के कारण सम्यक् विचारोपरांत बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (यथा संशोधित) में निहित प्रावधानों के तहत श्री सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बन मुक्त करते हुए अगले आदेश तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, मधुबनी में पदस्थापित किया जाता है।

3. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

(सुनील कुमार सुबन्धु)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक:– अ०स०क०–01–35 / 2025.....4129..... / पटना, दिनांक– ...05/10/26.....

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, किशनगंज के ज्ञापांक–221 दिनांक–05.04.2023 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, किशनगंज/मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, निगरानी, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण किशनगंज/मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई.टी.प्रबंधक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– श्री सुनील कुमार सिंह, निम्नवर्गीय लिपिक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/10/26

सरकार के उप सचिव